रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30112023-250325
CG-DL-E-30112023-250325

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 777]	नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 28, 2023/अग्रहायण 7, 1945
No. 777]	NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 28, 2023/AGRAHAYANA 7, 1945

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 नवम्बर, 2023

फा. सं. सेक/एन.सी.आई.एस.एम./ रेग(1)/2023.—भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) की धारा 55 की उप-धारा 1 और उप-धारा (जेड.एल.), (जेड.एम.), (जेड.एन.), (जेड.ओ.), (जेड.पी.), और (जेड.क्यू.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:

अध्याय I

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ –** (1) इन विनियमों को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (अर्हता मान्यता) विनियम, 2023 कहा जाएगा।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. **परिभाषाएं-** (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

   (क) "अधिनियम" से भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 (2020 का 14) अभिप्रेत है;"

   (ख) "अनुलग्नक" का अर्थ है इन विनियमों से संलग्न अनुबंध;

   (ग) “बोर्ड” से अभिप्रेत अधिनियम की धारा 18 के अधीन गठित आयुर्वेद बोर्ड या यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड, यथा प्रकरण, है;

(घ) "उपाधि प्रदान करने वाला निकाय" से ऐसा विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्थान जो भारतीय चिकित्सा पद्धति में उपाधि प्रदान करता है, अभिप्रेत है;"

(ङ) "प्रारूप" से इन विनियमों से उपाबद्ध प्रारूप अभिप्रेत है;

(च) "चिकित्सा अर्हता" से किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्था या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई स्नातक उपाधि, स्नातकोत्तर उपाधि, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र, स्नातकोत्तर अध्येतावृत्ति, अति विशिष्ट उपाधि या आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा चिकित्सा पद्धतियों में कोई अन्य अर्हता अभिप्रेत है;

(छ) "अनुक्रम कोड" का अर्थ किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता को दिया गया कोड है।

(2) इसमें प्रयुक्त शब्दों और अभिव्यक्ति, जो यहां परिभाषित नहीं है, किन्तु अधिनियम में परिभाषित है, के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में है।

अध्याय -II

भारत में स्थापित संस्थानों या विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा अर्हताओं की मान्यता

3. **चिकित्सा अर्हता मान्यता के लिए प्रक्रिया-** (1) भारत में स्थापित उपाधि प्रदान करने वाला निकाय, जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग या पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद या भारत सरकार द्वारा विधिवत अनुमोदित है, यथास्थिति, भारतीय चिकित्सा पद्धति में उपाधियां प्रदान करने वाला चिकित्सा अर्हता मान्यता के लिए अध्यक्ष, आयुर्वेद बोर्ड या अध्यक्ष, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड को आवेदन करेगा। ''आवेदन" स्नातक पाठ्यक्रम के लिए अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न प्रपत्र-35क में और स्नातकोत्तर उपाधि या स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों या किसी अन्य उपाधि के लिए अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न प्रपत्र-35ख में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाएगा।

(2) संबंधित बोर्ड निम्नलिखित मानदंडों पर आवेदन का सत्यापन करेगा, अर्थात्: -

(क) चिकित्सा संस्थान या विश्वविद्यालय को आयोग या पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद या भारत सरकार द्वारा विधिवत अनुमति है;

(ख) चिकित्सा संस्थान या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा अर्हता का नामकरण आयोग या पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद के संबंधित विनियमों के तहत निर्दिष्ट है;

(ग) चिकित्सा अर्हता के पाठ्यक्रम की अवधि, आयोग या पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद द्वारा आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा के संबंधित नियमों में निर्दिष्ट है;

(घ) पाठ्यक्रम के लिए अपनाया गया पाठ्यक्रम या पाठ्यचर्या आयोग या पूर्ववर्ती केंद्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा अनुशंसित है; और

(ङ) पाठ्यक्रम के लिए मूल्यांकन पद्धति, आयोग या पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार है'।

(3) सत्यापन पर, यदि कोई त्रुटि पाई जाती है, तो उसे संबंधित बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर सुधार के लिए उपाधि देने वाले निकाय को सूचित किया जाएगा;

(4) त्रुटि को दूर करने पर, यदि आवेदन अपेक्षित मानदंडों को पूर्ण करता है, तो बोर्ड इसे अधिसूचित करेगा जैसा कि विनियम 5 में निर्दिष्ट है।

(5) त्रुटिनिवारण के पश्चात्, यदि आवेदन अपेक्षित मानदंडों को पूर्ण नहीं करता है, तो आवेदन को उसके कारण का उल्लेख करते हुए अस्वीकार कर दिया जाएगा।

4. **अपील –** (1) विश्वविद्यालय या उपाधि प्रदान करने वाले चिकित्सा संस्थान, यदि बोर्ड के आदेश से असंतुष्ट हैं, तो बोर्ड के आदेश की एक प्रति विश्वविद्यालय या उपाधि प्रदान करने वाले चिकित्सा संस्थानों को उपलब्ध कराने की तिथि से साठ दिनों की अवधि के भीतर निर्दिष्ट सभी संलग्नकों के साथ अनुलग्नक-III में प्रपत्र-35ग में आयोग के सभापति को ऑनलाइन या ऑफ़लाइन अपील कर सकते हैं।

(2) आयोग, अपील की प्राप्ति की तिथि से दो माह की अवधि के भीतर, विनियम 3 के उप-विनियम (2) के खंड (क), (ख), (ग), (घ) और (ङ) में उल्लिखित मानदंडों पर अपील की जांच करेगा और जांच के बाद, यदि आयोग यह निर्णय लेता है कि ऐसी चिकित्सा अर्हता को मान्यता दी जा सकती है, तो आयोग संबंधित बोर्ड को मान्यता देने का निर्देश देगा।

(3) जांच करने पर, यदि अपील दोषपूर्ण पाई जाती है, तो आयोग अपील को अस्वीकार कर सकता है और अपील को अस्वीकार करने से पहले, उपाधि देने वाले निकाय को सुनवाई का उचित अवसर दिया जाएगा।

(4) आयोग द्वारा मान्यता प्रदान करने से अस्वीकार करने या दो माह की निर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्णय लेने में विफलता की स्थिति में, विश्वविद्यालय या उपाधि प्रदान करने वाले चिकित्सा संस्थान ऐसे निर्णय की सूचना की तिथि से तीस दिनों की अवधि के भीतर सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार को संबोधित, केन्द्र सरकार को दूसरी अपील कर सकते हैं।

(5) केंद्र सरकार, विनियम 3 के उप-विनियम (2) के खंड (क), (ख), (ग), (घ) और (ङ) में उल्लिखित मानदंडों पर ऐसी दूसरी अपील की जांच करेगी और यदि केंद्र सरकार यह निर्णय लेती है कि ऐसी चिकित्सा अर्हता को मान्यता दी जा सकती है, तो वह आयोग को मान्यता देने और विनियमन 5 के अनुसार ऐसी अर्हताओं को शामिल करने का निर्देश दे सकती है।

(6) यदि केंद्र सरकार का मत है कि इस प्रकार की चिकित्सा अर्हता को मान्यता नहीं दी जा सकती है, तो केंद्र सरकार लिखित में दर्ज किए जाने के कारणों का उल्लेख करते हुए ऐसी अपील को अस्वीकार और निस्तारित कर सकती है।

5. **चिकित्सा अर्हता का समावेश–** (1) इस अध्याय के अंतर्गत एक बार जब चिकित्सा अर्हता को मान्यता प्रदान कर दी जाती है तो आयुर्वेद बोर्ड या यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा बोर्ड, जैसा भी मामला हो, ऐसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता को, इसके प्रभाव की तारीख के साथ संबंधित बोर्ड द्वारा अलग से रखी गई सूची में शामिल करेगा और इस सूची को अनुलग्नक-VII के रूप में संलग्न प्रारूप में रखा जाएगा और विवरण को सभी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को सूचित और अनुबंध –VIII में दिए गए प्रारूप में आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हताओं के समावेश और सूचीबद्ध करने के प्रयोजनों के लिए, एक अनुक्रम कोड उत्पन्न किया जाएगा। यह कोड राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के संक्षिप्त नाम, विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाले संस्थान, कॉलेज या संस्थान कोड की क्रम संख्या, मान्यता प्रदान करने के वर्ष, अर्हता कोड और संशोधन, यदि कोई हो, का संयोजन होगा।

(क) राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को, यथास्थिति, उस राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संक्षिप्त नाम से, जिसमें विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला संस्थान निम्नलिखित सारणी के अनुसार अवस्थित है, निरूपित किया जाएगा, अर्थात्:-

तालिका-1

(राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के कोड)

क्रम संख्या	**राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन**	**संक्षिप्त रूप**
(1)	(2)	(3)
1.	आंध्र प्रदेश	ए.पी.
2.	अरुणाचल प्रदेश	ए.आर.
3.	असम	ए.एस.
4.	बिहार	बी.आर.
5.	छत्तीसगढ़	सी.जी.
6.	गोवा	जी.ए.

7.	गुजरात	जी.जे.
8.	हरियाणा	एच.आर.
9.	हिमाचल प्रदेश	एच.पी.
10.	झारखंड	जे.एच.
11.	कर्नाटक	के.ए.
12.	केरल	के.एल.
13.	मध्य प्रदेश	एम.पी.
14.	महाराष्ट्र	एम.एच.
15.	मणिपुर	एम.एन.
16.	मेघालय	एम.एल.
17.	मिजोरम	एम.जेड.
18.	नागालैंड	एन.एल.
19.	ओडिशा	ओ.डी.
20.	पंजाब	पी.बी.
21.	राजस्थान	आर.जे.
22.	सिक्किम	एस.के.
23.	तमिलनाडु	टी.एन.
24.	त्रिपुरा	टी.आर.
25.	तेलंगाना	टी.जी.
26.	उत्तराखंड	यू.के.
27.	उत्तर प्रदेश	यू.पी.
28.	पश्चिम बंगाल	डब्ल्यू.बी.
29.	जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	जे.के.
30.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र	ए.एन.
31.	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	सी.एच.
32.	दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र और दमन और दीव	डी.डी.
33.	दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र	डी.एल.
34.	लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र	एल.डी.
35.	पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र	पी.वाई.
36.	लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र	एल.ए.

(ख) विश्वविद्यालय या उपाधि प्रदान करने वाले संस्थान को मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदन के उनके अनुक्रमिक क्रम के अनुसार क्रमांकित जाएगा, उदाहरण के लिए, पहले आवेदन को '01' के रूप में गिना जाएगा, दूसरा '02' और इसी प्रकार आगे भी।

(ग) संस्थान या कॉलेज कोड भारतीय चिकित्सा पद्धति - चिकित्सा आकलन और रेटिंग बोर्ड द्वारा आवंटित संस्थागत आई.डी. होगा।

(घ) वर्ष संबंधित बोर्ड द्वारा चिकित्सा अर्हता को मान्यता प्रदान करने का वर्ष होगा।

(ङ) अर्हता कोड निम्नलिखित तालिका के अनुसार होगा, अर्थात्: -

तालिका-2

क्रम संख्या	अर्हता	कोड
(1)	(2)	(3)
1.	स्नातक	क
2.	गैर शल्य चिकित्सा विषयों में स्नातकोत्तर	ख
3.	शल्य चिकित्सा विषयों में स्नातकोत्तर	ग
4.	स्नातकोत्तर डिप्लोमा	घ
5.	भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा अनुमोदित कोई भी नई उपाधि को परिणामी ङ, च, छ और इसी प्रकार कोडित किया जाएगा।	
6.	संशोधन, यदि कोई हो: कोई भी संशोधन जैसे कि नामकरण में परिवर्तन, विषयों को जोड़ना और इसी प्रकार, ए$_1$, ए$_2$ ए$_3$....बी$_1$, बी$_2$, बी$_3$ इसी प्रकार कोडित किया जाएगा।	

(3) अधिनियम की धारा 35 की उप-धारा (8) के अनुसार, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 (दिनांक : 11-06-2021 को निरस्त) की अनुसूची-II और अनुसूची-III के अतंर्गत मान्यता प्राप्त या शामिल सभी उपाधि या अर्हता को सूचीबद्ध और बनाए रखा जाएगा और साथ ही आयोग के संबंधित बोर्ड द्वारा आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा और कोई अन्य जोड़ या सम्मिलन या संशोधन नहीं होगा।

अध्याय III

भारत के बाहर स्थापित संस्थानों या विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा अर्हताओं की मान्यता

6. **भारत के बाहर चिकित्सा अर्हता की मान्यता की प्रक्रिया-** भारत के बाहर स्थित विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्थान, जो अपने संबंधित देशों के शीर्ष निकायों या नियामक प्राधिकरणों द्वारा विधिवत अधिकृत हैं और आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और सोवा-रिग्पा चिकित्सा पद्धतियों में उपाधि प्रदान कर रहे हैं, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने के लिए पात्र हैं। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रपत्र -36क के रूप में उपलब्ध है, जिसे आयोग की वेबसाइट पर अनुलग्नक-IV के रूप में संलग्न किया गया है। स्नातकोत्तर उपाधि या स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और किसी भी अन्य उपाधि के लिए, आवेदन प्रपत्र -36ख में उपलब्ध है, जो अनुलग्नक-V के रूप में संलग्न है।

7. **आवेदन की जांच-** (1) आयोग, विनियम 3 के उप-विनियमन (2) के खंड (क), (ख), (ग), (घ), और (ङ) में उल्लिखित मानदंडों के आधार पर आवेदन की जांच करेगा और विनियमन 6 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदनों को संसाधित करेगा। यदि, जांच करने पर, आवेदन सही पाया जाता है, तो इसे विधिवत पंजीकृत किया जाएगा और विनियमन 9 के उप-विनियमन (2) में प्रदान किए गए अनुसार एक अनुक्रम कोड दिया जाएगा।

(2) यदि, जांच के बाद, आवेदन दोषपूर्ण पाया जाता है और पहचाना गया दोष औपचारिक प्रकृति का है, तो आयोग संबंधित देश के विश्वविद्यालय, चिकित्सा संस्थान, शीर्ष निकाय या नियामक प्राधिकरण को आवेदन को सुधारने की अनुमति दे सकता है। यदि दोष औपचारिक प्रकृति के नहीं हैं, तो आयोग विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्थान को दोषों को सुधारने के लिए उचित समय दे सकता है, जैसा कि वह उचित समझता है।

(3) यदि संबंधित देश का विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्थान या शीर्ष निकाय या नियामक प्राधिकरण उप-विनियमन (2) के तहत अनुमत समय के भीतर दोषों को सुधारने में विफल रहता है, तो आयोग, आदेश द्वारा और लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों के लिए, विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्थान को ऐसी चिकित्सा अर्हता की मान्यता अस्वीकार करने की घोषणा कर सकता है और इसकी सूचना आवेदक के साथ-साथ देश के शीर्ष या नियामक प्राधिकरण को दी जाएगी।

(4) किसी विश्वविद्यालय, चिकित्सा संस्थान, शीर्ष निकाय या नियामक प्राधिकरण की मान्यता को अस्वीकार करने से पहले, आयोग ऐसे विश्वविद्यालय, चिकित्सा संस्थान, शीर्ष निकाय या नियामक प्राधिकरण को सुनने के लिए एक उचित अवसर प्रदान करेगा।

(5) विश्वविद्यालय, चिकित्सा संस्थान, सर्वोच्च निकाय या नियामक प्राधिकरण को सुनने के बाद, यदि आयोग की राय है कि ऐसी चिकित्सा अर्हता को मान्यता दी जा सकती है, तो यथा प्रकरण यह ऐसी अर्हता को शामिल करेगा और संबंधित विश्वविद्यालय, चिकित्सा संस्थान, सर्वोच्च निकाय या नियामक प्राधिकरण को निर्णय से अवगत कराएगा। यह पत्र इस विनियम में विनिर्दिष्ट अनुलग्नक-IX के रूप में संलग्न प्रारूप में किया जाएगा और इन विनियमों में अनुलग्नक-X के रूप में संलग्न प्रारूप में आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

8. **अपील –** (1) संबंधित देश का विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्थान या शीर्ष निकाय या विनियामक प्राधिकरण, जैसा भी मामला हो, यदि आयोग के आदेश से असंतुष्ट है, तो वह सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, को संबोधित केंद्र सरकार को प्रपत्र-36ग में अपील कर सकता है, जिसे अनुलग्नक-VI के रूप में संलग्न किया गया है।

(2) केंद्र सरकार विनियमन 3 के उप-विनियमन (2) के खंड (क), (ख), (ग), (घ), और (ङ) में उल्लिखित मानदंडों के आधार पर अपील की जांच करेगी। यदि उसकी यह राय है कि ऐसी चिकित्सा अर्हता को मान्यता प्रदान की जा सकती है, तो वह आयोग को मान्यता देने और विनियमन 9 में प्रदान की गई ऐसी अर्हताओं को शामिल करने का निर्देश दे सकता है।

(3) यदि केंद्र सरकार की राय है कि इस प्रकार की चिकित्सा अर्हता को मान्यता नहीं दी जा सकती है, तो वह लिखित में दर्ज कारणों को प्रदान करते हुए ऐसी अपील को अस्वीकार और निस्तारित कर सकती है।

9. **चिकित्सा अर्हता का समावेश-** (1) इस अध्याय के तहत एक बार जब किसी चिकित्सा अर्हता को मान्यता दी जाती है, तो आयोग इसे आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और सोवा-रिग्पा चिकित्सा पद्धतियों के लिए अलग से रखी गई सूची में इन विनियमों के अनुलग्नक-IX के रूप में निर्दिष्ट प्रारूप में शामिल करेगा जो कि आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी जैसा कि अनुबंध-X के रूप में संलग्न प्रारूप में निर्दिष्ट है।

(2) मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता के समावेश और सूचीबद्ध के प्रयोजनों के लिए, एक अनुक्रम कोड उत्पन्न किया जाएगा, जो निम्नलिखित क्रम और तरीके से एक संक्षिप्त संयोजन होगा, अर्थात्:

(क) उस देश का नाम जिसमें विश्वविद्यालय स्थित है;

(ख) विश्वविद्यालय या चिकित्सा संस्था का नाम;

(ग) कॉलेज का नाम;

(घ) आयोग द्वारा मान्यता का वर्ष; तथा

(ङ) मान्यता प्राप्त अर्हता का नामकरण।

(3) अधिनियम की धारा 36 की उप-धारा (4) के अनुसार, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 (दिनांक: 11-06-2021 को निरस्त) की चौथी अनुसूची के अंतर्गत मान्यता प्राप्त या शामिल सभी उपाधि या अर्हताओं को आयोग के संबंधित बोर्ड द्वारा आयोग की वेबसाइट पर सूचीबद्ध, बनाए रखी जाएगी और प्रदर्शित किया जाएगा, और आगे कोई जोड़, सम्मिलन या संशोधन नहीं होगा।

बी.एल. मेहरा, प्रभारी सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./559/2023-24]

अनुलग्नक – I

प्रपत्र-35 'क'

(विनियम 3 का उप-विनियम (1) देखें)

"स्नातक पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदन"

(भारत में स्थित संस्थानों या विश्वविद्यालयों के लिए)

अनुदेश:-

1. आवेदन उपाधि प्रदान करने वाले संस्थान या विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया जाना है।
2. यदि कई संस्थान एकल विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, तो प्रत्येक संस्थान के लिए अलग से आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।
3. आवेदन अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करने या उपाधि प्रदान करने के बाद या पहले बैच की प्रशिक्षुता के दौरान प्रस्तुत किया जा सकता है।

1.	उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का नाम	
2.	उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का पता	
3.	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की ई-मेल आईडी	
4.	(i) नाम और पदनाम के साथ संबंधित व्यक्ति (ii) मोबाइल नंबर (संबंधित व्यक्ति) (iii) ई-मेल आईडी (संबंधित व्यक्ति)	
5.	मेडिकल स्ट्रीम (आयुर्वेद या यूनानी या सिद्ध या सोवा-रिग्पा)	
6.	संस्थान का नाम	
7.	उपाधि का नामकरण	
8.	उपाधि का संक्षिप्त विवरण (यदि कोई हो)	
9.	प्रथम बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	
10.	अनंतिम प्रमाण पत्र या सम्मानित उपाधि जारी की गई है	हाँ / नही
	यदि हाँ i. अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	
	ii. प्रशिक्षुता के पूरा होने का माह और वर्ष	
	iii. प्रथम बैच के प्रथम छात्र को अनंतिम प्रमाणपत्र जारी करने या उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष	
	यदि नहीं i. अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	
	ii. प्रशिक्षुता के प्रारंभ की तिथि	
	iii. प्रशिक्षुता के पूरा होने का संभावित माह और वर्ष	
11.	उपाधि प्रदान करना जारी रखा जा रहा है?	हाँ / नही
	यदि नहीं पिछले बैच के अंतिम छात्र को उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष।	
नोट: - कृपया जहां लागू न हो वहां 'एन.ए.' का उल्लेख करें।		

संलग्नक:-

1. मूल रूप से प्रदान की गई या सफल उम्मीदवारों को प्रदान की जाने वाली उपाधि की रद्द प्रति या नमूना।
2. पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या की प्रति।
3. अनुमति पत्रों की प्रतियां।

घोषणा या प्रमाणीकरण:-

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए या संलग्न विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही हैं। मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित नियमों और विनियमों का पालन कर रहा है और इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय इससे संबद्ध आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और सोवा-रिग्पा कॉलेजों में इसे लागू कर रहा है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की सील दिनांक सहित

अनुलग्नक - II

प्रपत्र-35 'ख'

(विनियम 03 का उप-विनियम (1) देखें)

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मान्यता देने के लिए आवेदन

(भारत में स्थित संस्थानों या विश्वविद्यालयों के लिए)"

अनुदेश:-

1. आवेदन उपाधि प्रदान करने वाले संस्थान या विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया जाना है।
2. यदि कई संस्थान एकल विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, तो प्रत्येक संस्थान के लिए अलग से आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।
3. आवेदन अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करने या प्रथम बैच को उपाधि प्रदान करने के बाद प्रस्तुत किया जा सकता है।

1.	उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का नाम	
2.	उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का पता	
3.	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की ईमेल आईडी	
4.	संबंधित व्यक्ति (नाम और पदनाम)	
5.	मोबाइल नंबर (संबंधित व्यक्ति)	
6.	ईमेल आई.डी. (संबंधित व्यक्ति)	
7.	मेडिकल स्ट्रीम (आयुर्वेद या यूनानी या सिद्ध या सोवा-रिग्पा)	
8.	संस्थान का नाम	
9.	उपाधि प्रदान करना जारी रखा जा रहा है?	हाँ / नही
	यदि नहीं पिछले बैच के अंतिम छात्र को उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष।	
नोट: - कृपया जहां लागू न हो वहां 'एन.ए.' का उल्लेख करें।		

मान्यता प्राप्त की जाने वाली चिकित्सा अर्हता (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) का विवरण:

क्रम संख्या	पी.जी. विषय	उपाधि का नामकरण और संक्षिप्त नाम	प्रथम बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	प्रथम बैच की अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	प्रथम बैच के प्रथम छात्र को अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करने या उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष (सम्मानित या सम्मानित किया जाना)	अनुमति पत्र की तिथि और संदर्भ

मान्यता प्राप्त किए जाने वाले चिकित्सा अर्हता (स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम) का विवरण:

क्रम संख्या	पी.जी.-डिप्लोमा विषय	उपाधि का नामकरण और संक्षिप्त नाम	प्रथम बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	प्रथम बैच की अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	प्रथम बैच के प्रथम छात्र को अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करने या उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष (सम्मानित या सम्मानित किया जाना)	अनुमति पत्र की तिथि और संदर्भ

संलग्नक:-

1. मूल रूप से या सफल उम्मीदवार को प्रदान की जाने वाली उपाधि की रद्द प्रति या नमूना।
2. पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या की प्रति।
3. अनुमति पत्र की प्रतियां।

घोषणा या प्रमाणीकरण:-

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए या संलग्न विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही हैं। मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित नियमों और विनियमों का पालन कर रहा है और इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय इससे संबद्ध आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और सोवा-रिग्पा कॉलेजों में इसे लागू कर रहा है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की सील दिनांक सहित

अनुलग्नक –III

प्रपत्र 'ग'

(विनियम 4 देखें)

अपील के लिए प्रारूप

(भारत में स्थित संस्थानों या विश्वविद्यालयों के लिए)

1.	असंतुष्ट उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का नाम	
2.	असंतुष्ट उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का पता	
3.	संबंधित प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की ई-मेल आई.डी.	

4.	संबंधित व्यक्ति (नाम और पदनाम)	
5.	मोबाइल नंबर (संबंधित व्यक्ति)	
6.	ई-मेल आई.डी. (संबंधित व्यक्ति)	
7.	मेडिकल स्ट्रीम (आयुर्वेद या यूनानी या सिद्ध या सोवा-रिग्पा)	
8.	संस्थान का नाम	
9.	उपाधि का नामकरण	
10.	उपाधि का संक्षिप्त विवरण (यदि कोई हो)	
11.	बोर्ड को पहले आवेदन की तिथि	
12.	संबंधित बोर्ड द्वारा आवेदन अस्वीकार करने की तिथि	
13.	संबंधित बोर्ड द्वारा आवेदन से अस्वीकार करने का कारण	
14.	प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की अपील या प्रार्थना	
नोट: - कृपया जहां लागू न हो वहां 'एन.ए.' का उल्लेख करें।		

घोषणा:-

यह घोषित किया जाता है कि ऊपर दिए गए या संलग्न विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही हैं।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की सील दिनांक सहित

अनुलग्नक-IV

प्रपत्र-36 'क'

(विनियम 6 देखें)

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदन

(भारत के बाहर के संस्थानों या विश्वविद्यालयों के लिए)

अनुदेश:-

1. उपाधि प्रदान करने वाले चिकित्सा संस्थान या विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।
2. यदि कई संस्थान एकल विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, तो प्रत्येक संस्थान के लिए अलग से आवेदन प्रस्तुत किया जाना है। .
3. उपाधि प्रदान करने के बाद आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।

1.	पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थान का नाम	
2.	सर्वोच्च निकाय का नाम जिसने मान्यता के लिए आवेदन किए गए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी	
3.	संबद्ध विश्वविद्यालय का नाम	
4.	विश्वविद्यालय का पता	

5.	विश्वविद्यालय कुलसचिव या अधिकृत अधिकारी की ई-मेल आई.डी.	
6.	संबंधित व्यक्ति (नाम और पदनाम)	
7.	मोबाइल नंबर (संबंधित व्यक्ति)	
8.	देश कोड	
9.	ई-मेल आईडी (संबंधित व्यक्ति)	
10.	मेडिकल स्ट्रीम (आयुर्वेद या यूनानी या सिद्ध या सोवा-रिग्पा)	
11.	उपाधि का नामकरण	
12.	उपाधि का संक्षिप्त विवरण (यदि कोई हो)	
13.	प्रथम बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	
14.	प्रथम बैच के प्रथम छात्र को प्रदान की गई उपाधि का माह और वर्ष	
15.	उपाधि प्रदान करना जारी रखा जा रहा है?	हाँ / नही
	यदि नहीं पिछले बैच के अंतिम छात्र को उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष	
नोट: - कृपया जहां लागू न हो वहां 'एन.ए.' का उल्लेख करें।		

संलग्नक:-

1. मूल रूप से प्रदान की गई या सफल उम्मीदवारों को प्रदान की जाने वाली उपाधि की रद्द प्रति या नमूना।
2. पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम और पाठचर्या की प्रति।
3. अनुमति पत्रों की प्रति।

घोषणा या प्रमाणीकरण:-

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए या संलग्न विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही हैं। मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित नियमों और विनियमों का पालन कर रहा है और इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय इससे संबद्ध आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और सोवा-रिग्पा कॉलेजों में इसे लागू कर रहा है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की सील दिनांक सहित

अनुलग्नक –V

प्रपत्र-36 'ख'

(विनियम 6)

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदन

(भारत के बाहर के संस्थानों या विश्वविद्यालयों के लिए)

अनुदेश:-

1. उपाधि प्रदान करने वाले संस्थान या विश्वविद्यालय या शीर्ष निकाय द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।
2. यदि कई संस्थान एकल विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, तो प्रत्येक संस्थान के लिए अलग से आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।

3. उपाधि प्रदान करने के बाद आवेदन प्रस्तुत किया जाना है।

1.	पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थान का नाम	
2.	सर्वोच्च निकाय का नाम जो लागू पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन प्रदान करता है	
3.	संबद्ध विश्वविद्यालय का नाम	
4.	विश्वविद्यालय का पता	
5.	विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या अधिकृत अधिकारी की ई-मेल आई.डी.	
6.	संबंधित व्यक्ति (नाम और पदनाम)	
7.	मोबाइल नंबर (संबंधित व्यक्ति)	
8.	ई-मेल आईडी (संबंधित व्यक्ति)	
9.	मेडिकल स्ट्रीम (आयुर्वेद या यूनानी या सिद्ध या सोवा-रिग्पा)	
10.	उपाधि प्रदान करना जारी रखा जा रहा है?	हाँ / नही
	यदि नहीं पिछले बैच के अंतिम छात्र को उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष	
नोट: - कृपया जहां लागू न हो वहां 'एन.ए.' का उल्लेख करें।		

मान्यता प्राप्त की जाने वाली चिकित्सा अर्हता (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) का विवरण:

क्रम संख्या	पी.जी. विषय	उपाधि का नामकरण और संक्षिप्त नाम	प्रथम बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	प्रथम बैच की अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष

मान्यता प्राप्त किए जाने वाले चिकित्सा अर्हता (स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम) का विवरण:

क्रम संख्या	पी.जी.-डिप्लोमा विषय	उपाधि का नामकरण और संक्षिप्त नाम	प्रथम बैच के प्रवेश का माह और वर्ष	प्रथम बैच की अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	प्रथम बैच के प्रथम छात्र को उपाधि प्रदान करने का माह और वर्ष

संलग्नक:-

1. मूल रूप से या सफल उम्मीदवारों को प्रदान की जाने वाली उपाधि की रद्द प्रति या नमूना।
2. पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उसके बाद पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या की प्रति।

3. अनुमति पत्र की प्रतियां।

घोषणा या प्रमाणीकरण:-

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए या संलग्न विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही हैं। मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित नियमों और विनियमों का पालन कर रहा है और इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय या उपाधि देने वाला निकाय इससे संबद्ध आयुर्वेद सिद्ध यूनानी और सोवा-रिग्पा कॉलेजों में इसे लागू कर रहा है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की सील दिनांक सहित

अनुलग्नक -VI

प्रपत्र-36 'ग'

(विनियम 8 देखें)

अपील के लिए प्रारूप

(भारत के बाहर के संस्थानों या विश्वविद्यालयों के लिए)

1.	उस देश का नाम जिसमें उपाधि देने वाला निकाय स्थित है	
2.	पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संस्थान का नाम	
3.	सर्वोच्च निकाय का नाम जो लागू पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन प्रदान करता है	
4.	असंतुष्ट उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का नाम	
5.	असंतुष्ट उपाधि प्रदान करने वाले निकाय का पता	
6.	विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार या अधिकृत अधिकारी की ई-मेल आई.डी.	
7.	संबंधित व्यक्ति (नाम और पदनाम)	
8.	मोबाइल नंबर (संबंधित व्यक्ति)	
9.	देश कोड	
10.	ई-मेल आई.डी. (संबंधित व्यक्ति)	
11.	मेडिकल स्ट्रीम (आयुर्वेद या यूनानी या सिद्ध या सोवा-रिग्पा)	
12.	उपाधि का नामकरण	
13.	उपाधि का संक्षिप्त विवरण (यदि कोई हो)	
14.	बोर्ड को पहले आवेदन की तिथि	
15.	संबंधित बोर्ड द्वारा आवेदन अस्वीकार करने की तिथि	
16.	संबंधित बोर्ड द्वारा आवेदन से अस्वीकार करने का कारण	
17.	असंतुष्ट उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की अपील या प्रार्थना	
18.	अपील का औचित्य	
नोट: - कृपया जहां लागू न हो वहां 'एन.ए.' का उल्लेख करें।		

घोषणा:-

यह घोषित किया जाता है कि ऊपर दिए गए या संलग्न विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही हैं।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

उपाधि प्रदान करने वाले निकाय की सील दिनांक सहित

अनुलग्नक -VII

(विनियम 5 देखें)

राज्यों या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता के विवरण

को संप्रेषित करने के लिए प्रारूप

क्रम संख्या	फ़ाइल सं. और तिथि	राज्य	विश्वविद्यालय का नाम	कॉलेज का नाम	मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता और संक्षेप	अनुक्रम कोड	वैधता अवधि

अनुलग्नक-VIII

(विनियम 5 देखें)

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता के विवरण के लिए प्रारूप

(भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 35 के लिए)

क्रम संख्या	राज्य	विश्वविद्यालय का नाम	कॉलेज का नाम	मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता और संक्षेप	अनुक्रम कोड	मान्यता की वैधता अवधि	विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत नमूना उपाधि प्रमाण पत्र	अधिसूचना की प्रति

अनुलग्नक-IX

(विनियम 9 देखें)

मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता के संचार विवरण के लिए प्रारूप

क्रम संख्या	फ़ाइल सं. और तिथि	देश	विश्वविद्यालय का नाम	कॉलेज का नाम	मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता और संक्षेप	अनुक्रम कोड	वैधता अवधि

अनुलग्नक - X

(विनियम 9 देखें)

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता के विवरण के लिए प्रारूप

(भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 36 के लिए)

क्रम संख्या	देश	विश्वविद्यालय का नाम	कॉलेज का नाम	मान्यता प्राप्त चिकित्सा अर्हता और संक्षेप	अनुक्रम कोड	मान्यता की वैधता अवधि	विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत नमूना उपाधि प्रमाण पत्र	अधिसूचना की प्रति

THE NATIONAL COMMISSION FOR INDIAN SYSTEM OF MEDICINE

NOTIFICATION

New Delhi, the 28th November, 2023

F. No. Sec/NCISM/Reg(1)/2023.—In exercise of the powers conferred by sub-section 1 and clauses (zl), (zm), (zn), (zo), (zp) and (zq) of sub-section (2) of section 55 of the National Commission for Indian System of Medicine Act, 2020 (14 of 2020), the National Commission for Indian System of Medicine hereby makes the following regulations, namely:-

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. **Short title and commencement. - (1)** These regulations may be called the National Commission for Indian System of Medicine (Recognition of Qualifications) Regulations, 2023.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions**. -(1) In these regulation, unless the context otherwise requires,-

   (a) "Act" means the National Commission for Indian System of Medicine Act, 2020 (14 of 2020);

   (b) "Annexure" means Annexure appended to these regulations;

   (c) "Board" means the Board of Ayurveda or the Board of Unani, Siddha and Sowa-Rigpa, as the case may be, constituted under section 18 of the Act;

   (d) "Degree awarding body" means a university or a medical Institute that awards degree in Indian System of Medicine;

   (e) "Form" means a Form annexed to these regulations;

   (f) "medical qualification" means Undergraduate degree, Post Graduate degree, Post Graduate diploma, Post Graduate certificate, Post Graduate fellowship, Super Specialty degree or any other qualification in Ayurveda, Unani, Siddha and Sowa-Rigpa medical systems awarded by any recognised Medical Institution or University;

   (g) "sequence code" means the Code given to a recognised medical qualification.

   (2) The words and expressions used herein and not defined but defined in the Act shall have the same meanings as respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER II

RECOGNITION OF MEDICAL QUALIFICATIONS AWARDED BY THE INSTITUTIONS OR UNIVERSITIES ESTABLISHED IN INDIA

3. **Procedure for recognition of Medical Qualification.-** (1) The degree awarding body established in India duly approved by the National Commission for Indian System of Medicine or erstwhile Central Council of Indian Medicine or Government of India, as the case may be, awarded or awarding degrees in Indian System of Medicine shall apply to the President, Board of Ayurveda or the President, Board of Unani, Siddha and Sowa-Rigpa for recognition of medical qualification. The application shall be submitted online in Form-35A appended as Annexure-I, for undergraduate course and in Form-35B appended as Annexure-II, for postgraduate degree or Post Graduate Diploma courses or any other degrees through website of the National Commission for Indian System of Medicine.

(2) The concerned Board shall verify the application on the following criteria, namely:-
